डॉ० हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म०प्र०)
DOCTOR HARI SINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (MP)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय/A Central University)

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

coe@dhsgsu.edu.in
www.dhsgsu.ac.in
(Ph.) +91 7582 265712
(Fax) + 91 7582 265711

क्रमांक/परीक्षा गोपनीय/2020–21/703

28 मई 2021

CBCS

अधिसूचना

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक/No/DOAA/2021/212 दिनांक 01 जनवरी 2021 के परिपालन में अकादमिक सत्र 2020–21 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम End सेमेस्टर की परीक्षाएँ Blended Mode (Online + Offline) पद्धति से 26 अप्रेल 2021 से 08 मई 2021 की बीच आयोजित की जाना थी लेकिन कोविड महामारी के बढ़ते मामलों के चलते उक्त परीक्षायें समय पर आयोजित नहीं की जा सकी है। अब उक्त परीक्षायें **गुरूवार, दिनांक 10 जून 2021** से आयोजित की जाना है। उक्त परीक्षा के संबंध में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों की CBCS परीक्षाओं के संचालन हेतु विद्यार्थियों के लिए निम्न दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।

प्रश्न पत्र डाउनलोड करने संबंधी निर्देश

1. परिक्षार्थियों को सर्वप्रथम अपने Android मोबाईल फोन में (Play Store) के माध्यम से MP Online iUMS app download कर इन्स्टॉल करना होगा। तत्पश्चात् उक्त एप्प पर लॉगिन करने हेतु SIS लॉगिन का User Name एवं Password का उपयोग करना है।

2. परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र समय–सारिणी में दिए गए निर्धारित दिनांक एवं समय पर उक्त एप्प के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

3. परीक्षार्थियों को Android मोबाईल फोन पर MP Online iUMS App में लॉगिन के पश्चात् Download Question Paper विकल्प पर क्लिक कर प्रश्न–पत्र Download करना होगा।

4. प्रश्न पत्र हल करने हेतु समय 2.00 घंटे निर्धारित हैं।

Scanned with CamScanner

5. यूजीसी के पत्र क्रमांक 6–2/2013 (SCT) दिनांक 14 जनवरी 2019 के अनुसार नेत्रहीन परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र हल करने के लिए निर्धारित समय से प्रत्येक घंटे के लिए कम से कम 20 मिनिट का अतिरिक्त समय दिया जावेगा।

उत्तर पुस्तिका सम्बन्धी निर्देश

1. उत्तर पुस्तिका हेतु कागज की व्यवस्था परिक्षार्थियों को स्वयं करनी होगी। उत्तरपुस्तिका हेतु मात्र A-4 साइज के कागज का प्रयोग किया जावेगा, उत्तरपुस्तिका के दोनों तरफ हासिया छोड़ना जरूरी है।

2. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गई उत्तरपुस्तिका का मुख्य पृष्ठ डाउन लोड कर उसमें प्रविष्टियाँ (Entries) प्रत्येक छात्र को अनिवार्य रूप से करनी होगी। उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अनुक्रमांक (Registration No.) एवं पेज क्रमांक डालना अनिवार्य है। उक्त के आभाव में उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जावेगा और इस कारण होने वाली असुविधा के लिए छात्र स्वयं जवाबदेय होंगे।

3. परीक्षार्थी द्वारा मुख्य पृष्ठ के प्रारूप में दिये गये प्रत्येक खाने में चाही गई जानकारी अंकित करनी होगी तथा अपने हस्ताक्षर भी करने होंगे।

4. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र हल करने के लिये काली स्याही के बाल पेन का उपयोग करेंगे। स्वयं की हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका ही मान्य होगी, मुद्रित (Typed) उत्तरपुस्तिका मान्य नहीं होगी।

5. परीक्षा समय सारणी का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.ac.in पर किया जा सकता है।

6. परीक्षा से संबंधित जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का छात्र नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

उत्तर पुस्तिका अपलोड (Upload) करने सम्बन्धी निर्देश:

1. विद्यार्थियों को प्रश्न–पत्र हल करने हेतु निर्धारित समय (2.00 घंटे) के पश्चात् अलगे 1 घंटे में उत्तरपुस्तिका स्केन कर पीडीएफ (pdf) फारमेट में MP Online iUMS app के साथ–साथ MP Online के mail: mpoconfidential@gmail.com पर भेजना अनिवार्य होगा।

Scanned with CamScanner

नोटः 1. परीक्षा एवं प्रश्न–पत्र से संबंधित किसी भी परेशानी के लिए प्रभारी परीक्षा नियंत्रक के मोबाइल नं. 7774027666 एवं प्रभारी सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. प्रदीप तिवारी के मोबाइल नं. 9409519065 पर सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करें।

2. प्रश्न–पत्र की अवधि के दौरान डाउन लोड एवं अपलोड करने में यदि कोई कठिनाई आती है तो एमपी ऑनलाईन के सीनियर बिजनेस एनालिस्ट श्री प्रशांत ठाकुर के मोबाइल नं. 7049923900 से सम्पर्क करें।

नोटः– समस्त संबधित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त की समय सारिणी दिनांक 31 मई 2021 को विश्वविद्यालय की वेवसाइट www.dhsgsu.ac.in जारी की जावेगी।

आदेशानुसार

28/05/2021

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. **समस्त अधिष्ठाता** को सूचनार्थ।
2. **समस्त विभागाध्यक्षों** को सूचनार्थ।
3. **कुलपति जी के निजी सचिव माननिया कुलपति जी** को सूचनार्थ।
4. **सहायक कुलसचिव कुलसचिव कार्यालय, कुलसचिव** को सूचनार्थ।
5. **अनुभाग अधिकारी (गोपनीय/परीक्षा)** को सूचनार्थ।
6. **समस्त कक्षा सहायकों** को सूचनार्थ।
7. **मीडिया ऑफीसर**
8. **COO एमपी ऑनलाइन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**
9. **वेबसेल–उपर्युक्तानुसार पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट में प्रदर्शन हेतु।**
9. **गूल नस्ती।**

28/05/2021

प्रभारी सहायक कुलसचिव परीक्षा

Scanned with CamScanner